# झारखण्ड सरकार
# झारखण्ड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद

विज्ञापन संख्या : जे०सी०ई०सी०ई०बी० / 56 / 16 – ..03 ,राँची / दिनांकः ..14 / ..03 / 2017

## पोलिटेकनिक प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा – 2017 [Polytechnic Entrance Competitive Examination – 2017] के आयोजन से संबंधित महत्वपूर्ण सूचना

उच्च, तकनीकी शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग, राँची के पत्रांक त0शि0प्र0नि0स0–38 / 16–1 / राँची, दिनांक 09.01.2017 के आलोक में झारखण्ड राज्य स्थित राजकीय (महिला सहित) एवं गैर–राजकीय पोलिटेकनिक संस्थानों में अभियंत्रण डिप्लोमा पाठ्यक्रम के शैक्षणिक सत्र 2017–18 (प्रथम् वर्ष) में प्रवेश हेतु वैसे योग्य आवेदक, जो भारत के नागरिक होने के साथ–साथ झारखण्ड राज्य के स्थायी / स्थानीय निवासी की श्रेणी में आते हैं तथा निम्नानुसार योग्यता की अहर्त्ता पूरी करते हैं, से ऑनलाईन आवेदन, कंडिका 3 में अंकित अंतिम तिथि तक आमंत्रित किया जाता है।

**शैक्षणिक योग्यता** – माध्यमिक / 10वीं / समकक्ष परीक्षा में कम से कम 35% अंकों के साथ उत्तीर्ण

**आयु सीमा** – केवल खनन अभियंत्रण शाखा के लिए न्यूनतम आयु दिनांक 01.07.2017 तक 17 वर्ष। अन्य किसी भी शाखा हेतु अधिकतम एवं न्यूनतम आयु सीमा निर्धारित नहीं है।

**(*)** :– वर्ष 2017 में माध्यमिक / 10वीं / समकक्ष परीक्षा में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थी भी आवेदन कर सकते हैं, परन्तु साक्षात्कार के पूर्व उन्हें उत्तीर्णता प्राप्त करना अनिवार्य होगा।

**2.** परीक्षा / पाठ्यक्रम / अर्हत्ताएँ / शर्त्तो संबंधी अन्य सभी जानकारी पर्षद के वेबसाईट http://jceceb.jharkhand.gov.in पर उपलब्ध है। ईच्छुक छात्र / छात्राओं को निदेशित किया जाता है कि आवेदन पत्र भरने के पूर्व मार्ग–निर्देशिका का अध्ययन अवश्य कर लें।

**3. पोलिटेकनिक प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा – 2017 से संबंधित निर्धारित अवधि / तिथियाँ :–**

| क्रम सं0 | विवरणी | अभियुक्ति |
|---|---|---|
| 1. | ऑनलाईन आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ होने की तिथि | 15.03.2017 |
| 2. | ऑनलाईन आवेदन करने की अंतिम तिथि | 15.04.2017 |
| 3. | ऑनलाईन प्रवेश–पत्र (Online Admit Card) पर्षद के वेबसाईट से डाउनलोड करने की तिथि | 24.04.2017 |
| 4. | परीक्षा की तिथि | 30.04.2017 |
| नोट :– अपरिहार्य कारणों से झारखण्ड सरकार या झा०सं०प्र०प्र०प० पर्षद निर्धारित तिथियों में परिवर्त्तन कर सकती है। | | |

**4. परीक्षा शुल्क :–**

| क्रम सं0 | कोटि | दर |
|---|---|---|
| 1. | सामान्य / पिछड़ी जाति – I / पिछड़ी जाति – II | ₹ 650 / –* |
| 2. | अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति / सभी कोटि की महिला | ₹ 325 / –* |
| *:- परीक्षा शुल्क अप्रतिदेय (non refundable) होगा। परीक्षा शुल्क पर देय बैंक चार्ज का भी भुगतान अभ्यर्थियों को करना होगा। | | |

**5. आवेदन करने का तरीका** :– पर्षद के अधिकृत वेबसाईट http://jceceb.jharkhand.gov.in या http://www.jceceb.nic.in के Homepage पर Online Application for PECE – 2017 पर Click कर, दिये गये दिशानिर्देशों का पालन करते हुए ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं।

**6. परीक्षा का प्रकार** : प्रतियोगिता परीक्षा वस्तुनिष्ठ (Objective) प्रकार की होगी तथा प्रश्न पत्र हिन्दी एवं अंग्रेजी दोनों भाषाओं में उपलब्ध रहेंगे।

**7. आरक्षण** : राज्य सरकार द्वारा जारी अद्यतन आरक्षण नीति प्रभावी होगा।

**8.** पोलिटेकनिक प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा – 2017 से संबंधित किसी जानकारी के लिये पर्षद के दूरभाष सं0 0651–6999170 पर किसी भी कार्यालय दिवस में पूर्वाह्न 10:00 से अपराह्न 06:00 बजे तक सम्पर्क किया जा सकता है।

**9.** प्रेस में मुद्रण संबंधी अशुद्धियों के लिए पर्षद उत्तरदायी नहीं होगा।

ह0/–
**दिलीप कुमार झा,** भा॰प्र॰से॰
परीक्षा नियंत्रक

ज्ञापांक : जे॰सी॰ई॰सी॰ई॰बी॰/56/16 – 80 ,राँची/दिनांकः 14/03/2017

प्रतिलिपिः– **निदेशक**, सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग राँची को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित। अनुरोध है कि दिनांक 15/03/2017 को उक्त विज्ञापन, झारखण्ड के सभी दैनिक समाचार पत्रों के सभी संस्करणों में प्रकाशित कराना सुनिश्चित किया जाय।

**परीक्षा नियंत्रक**